जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

22 जनवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अमेरिका के अल्पसंख्यक संस्थानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया

संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में अल्पसंख्यक सेवा संस्थानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल की शिक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल (जेएसएसएस) का दौरा किया। इस समूह में विभिन्न अल्पसंख्यक सेवा संस्थानों और सामुदायिक कॉलेजों के संकाय सदस्य शामिल थे जिन्होंने भारत में शैक्षिक प्रथाओं के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों के साथ बातचीत की।

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद अरशद खान ने प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत अंग्रेजी की लेक्चरर डॉ. गजाला सिद्दीकी ने भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के बारे में जानकारियाँ दीं । उन्होंने जामिया में अपनाए गए बहु-विषयक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, अंग्रेजी की लेक्चरर सुश्री फैजा सिद्दीकी ने शैक्षणिक वर्ष के दौरान आयोजित विभिन्न सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

प्रतिनिधियों ने शिक्षकों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की तथा स्कूल के कामकाज एवं शिक्षकों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछताछ की। उन्होंने अमेरिकी शिक्षा प्रणाली के बारे में अपने अनुभव और चुनौतियों को भी साझा किया। दोनों देशों में स्कूली शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों को जानने-समझने में विचारों का यह आदान-प्रदान समृद्ध और फलदायी रहा ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया